an>

Title: Need to increase the participation of SC & ST in enterprises sector.

डॉ. उदित राज (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) : अध्यक्ष महोदया, एंटरप्राइजेज़ में एससी और एसटी का जो पार्टिसिपेशन है, वह बहुत ही कम है। वह पहले 11-12 पर्सेंट हुआ करता था, अब घट कर 9 पर्सेंट के आस-पास हो गया है और दिनों-दिन घटता चला जा रहा है, जबकि रजिस्ट्रड एंटरप्राइजेस केवल 7 पर्सेंट के आस-पास ही हैं। हम आपके माध्यम से एम.एस.एम.ई. मिनिस्टर से अनुरोध करेंगे कि इसके लिए कुछ किया जाना चाहिए और ज्यादातर ये लोग एपेरल में, लैदर में काम करते हैं, अनक्लीन और अनहाईजीनिक पेशे में भी अभी लगे हुए हैं। इनका रजिस्ट्रेशन भी नहीं होता है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इनका पर्सेंटेज बढ़ाया जाना चाहिए।

माननीय अध्यक्ष : श्री राधेश्याम बिश्वास को डॉ. उदित राज द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।